दिन– बुधवार दिनांक– 12/06/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः–8.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने बिहार से जुड़े गोरखपुर–सिलिगुड़ी और रक्सौल–हल्दीया एक्सप्रेस–वे को मंजूरी दी।

02. यूजीसी ने अगले शैक्षणिक वर्ष से उच्च शिक्षा संस्थानों को वर्ष में दो बार छात्रों को प्रवेश देने की अनुमति देने का निर्णय लिया।

03. बीपीएससी ने तीसरे चरण की शिक्षक नियुक्ति परीक्षा की संशोधित तिथि जारी की। उन्नीस से बाईस जुलाई तक होगी परीक्षा।

04. और, प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी। मौसम विभाग ने अगले अड़तालीस घंटों के दौरान पटना समेत चौदह जिलों में गर्मी को लेकर रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया।

---

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने भारतमाला श्रृखंला–दो के तहत बिहार से जुड़े गोरखपुर–सिलिगुड़ी और रक्सौल–हल्दीया एक्सप्रेस–वे को मंजूरी दे दी है। उपमुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री विजय सिन्हा ने कहा कि रक्सौल–हल्दीया एक्सप्रेस–वे के तहत प्रदेश में तीन सौ सड़सठ किलोमीटर सड़क का निर्माण होगा। उन्होंने बताया कि इसके तहत पूर्वी चंपारण, पश्चिम चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर, बेगूसराय, लखीसराय, जमुई और बांका जिले में सड़क निर्माण किया जाएगा। श्री सिन्हा ने बताया कि गोरखपुर–सिलिगुड़ी एक्सप्रेस–वे के तहत चार सौ सोलह किलोमीटर लंबी सड़क बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि इसके तहत पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज जिले में सड़क निर्माण किया जाएगा। मंत्री ने बताया कि केन्द्र सरकार की ओर से इससे पहले वाराणसी–कोलकात एक्सप्रेस–वे की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। इसके तहत एक सौ सत्तर किलोमीटर सड़क बिहार से गुजरेगी।

---

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग–यूजीसी ने अगले शैक्षणिक वर्ष से उच्च शिक्षा संस्थानों को वर्ष में दो बार छात्रों को प्रवेश देने की अनुमति देने का निर्णय लिया है। प्रवेश अब जनवरी और फरवरी तथा जुलाई और अगस्त में खुले रहेंगे। वर्तमान में,

यूजीसी विनियम एक वर्ष में एक शैक्षणिक सत्र में प्रवेश की अनुमति देते हैं। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में यूजीसी के अध्यक्ष प्रोफेसर एम. जगदीश कुमार ने कहा कि यह फैसला उन छात्रों के लिए बहुत फायदेमंद होगा जो विभिन्न कारणों से प्रवेश से चूक जाते हैं।

———बाईट———

अभी हमारा कंट्री में सभी यूनिवर्सिटी और कॉलेजिज जुलाई, अगस्त में एडमिशन करते हैं और पूरा अकादमिक ईअर मई, जून में एंड होता है। इससे स्टूडेंट्स को जुलाई, अगस्त में मिस होता है। इन्हें पूरा साल वेट करना पड़ेगा दोबारा एडमिशन लेने के लिए, तो इसलिए यूजीसी ने डिसाइड किया कि अब से सभी इंडियन यूनिवर्सिटी कॉलेजिज जुलाई, अगस्त में एक एडमिशन कर सकते हैं और जनवरी, फरवरी में दूसरा सैकेण्ड साइकिल एडमिशन भी कर सकते हैं।

---

सर्वोच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा – नीट स्नातक दो हजार चौबीस के बाद मेडिकल कार्यक्रमों में प्रवेश की काउंसलिंग प्रक्रिया पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। अदालत ने पांच मई को आयोजित नीट परीक्षा रद्द करने की मांग वाली याचिका पर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी– एनटीए और अन्य से जवाब मांगा है। इस मामले को एक अन्य लंबित याचिका के साथ जोड़कर अब आठ जुलाई को सुनवाई होगी। परीक्षा में कदाचार और धोखाधड़ी की शीघ्र और गहन जांच करने के लिए छात्रों द्वारा याचिका दायर की गई है। इसमें परीक्षा के नतीजों को वापस लेने और नए सिरे से परीक्षा आयोजित करने की भी मांग की गई है।

---

बिहार लोक सेवा आयोग ने तीसरे चरण की शिक्षक नियुक्ति परीक्षा की संशोधित तिथि जारी कर दी है। इसके अनुसार यह परीक्षा सभी जिला मुख्यालयों में उन्नीस से बाईस जुलाई तक होनी संभावित है। अपर सचिव सह–परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि उच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में चार से दस जून तक अतिथि शिक्षकों से ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किये जाने के कारण परीक्षा तिथि में बदलाव किया गया है। इससे पहले यह परीक्षा तेईस जून को होना निर्धारित थी। इधर, आयोग ने प्राधानाध्यापक और प्रधान शिक्षक परीक्षा की भी संशोधित तिथि जारी कर दी है। संशोधित कार्यक्रम के अनुसारस तेईस जून को होने वाली प्राधानाध्यापक परीक्षा अब अट्ठाईस जून को आयोजित होगी। वहीं, बाईस जून को होने वाली प्रधान शिक्षक की परीक्षा अब उनतीस जून को आयोजित की जायेगी।

---

राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर आज प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ बैठक करेंगे। इस बैठक में शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ, सचिव वैधनाथ यादव को भी आमंत्रित किया गया है। बैठक में विश्वविद्यालयों में शिक्षकों और कर्मचारियों के लंबित वेतन और पेंशन समेत अन्य मुद्दों पर विमर्श होने की संभावना है।

---

प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में विद्यार्थियों को परोसे जाने वाले मध्याह्न भोजन की जांच अब जीविका दीदीयां करेंगी। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने इस संबंध में ग्रामीण विकास विभाग के प्रधान सचिव को पत्र लिखा है। पत्र के अनुसार जीविका दीदीयां मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता के साथ ही रसोई और भंडार गृह की साफ–सफाई की भी निगरानी रखेंगी। जीविका दीदीयां निरीक्षण के बाद शिक्षा विभाग के कमांड और कंट्रोल सेंटर के टोल–फ्री नम्बर एक चार चार एक सात पर शिकायत दर्ज करायेंगी।

इधर, शिक्षा विभाग ने कहा है कि प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को प्रशिक्षण के बाद ही वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ मिलेगा। प्रशिक्षण नहीं लेने वालों शिक्षकों की वेतन वृद्धि पर रोक लगा दी गई है। विभाग ने गत तीन जुलाई से अब तक प्रशिक्षण नहीं लेने वाले शिक्षकों को चिन्हित कर तीस जून तक अनिवार्य रूप से प्रशिक्षित कराने के निर्देश दिये हैं।

---

लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी को अगला थल सेनाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वह इस महीने की तीस तारीख को कार्यभार संभालेंगे। वर्तमान थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे तीस जून को सेवा निवृत्त हो रहे हैं। एक जुलाई, उन्नीस सौ चौंसठ को जन्मे लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी पंद्रह दिसंबर, उन्नीस सौ चौरासी को भारतीय सेना की इन्फैंट्री (जम्मू और कश्मीर राइफल्स) में शामिल हुए थे। लगभग चालीस वर्षों की लंबी और विशिष्ट सेवा के दौरान उन्होंने विभिन्न पदों पर अपनी सेवा दी है। सेना के उप प्रमुख के रूप में नियुक्त होने से पहले लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी दो हजार बाईस से दो हजार चौबीस तक इन्फैंट्री के महानिदेशक और जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ (मुख्यालय, उत्तरी कमान) सहित महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत रहे हैं।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से अपने सोशल मीडिया पर कैच लाइन मोदी का परिवार को हटाने का अनुरोध किया है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान देशभर में लोगों ने उनके प्रति स्नेह के रूप में सोशल मीडिया पर अपने परिचय के साथ मोदी का परिवार जोड़ा और इससे उन्हें बहुत शक्ति मिली। प्रधानमंत्री ने लोगों को धन्यवाद देते हुए कहा कि डीपी पर नाम बदल सकता है, लेकिन भारत की प्रगति के लिए प्रयासरत एक परिवार के रूप में हमारा बंधन मजबूत और अटूट रहेगा।

---

प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अगले दो दिन तक गर्मी से राहत मिलने के आसार नहीं हैं। विभाग ने इस दौरान पटना समेत चौदह जिलों में भीषण गर्मी का रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले दो दिन के लिए राज्य के दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य भागों में कई स्थानों पर भीषण गर्मी का रेड अलर्ट जारी किया गया है।

–––बाईट–––

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान छियालीस दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। राजधानी पटना का अधिकतम तापमान बयालीस दश्मलव सात डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस बीच, मौसम विभाग ने कहा है कि पंद्रह जून से प्रदेश के कुछ स्थानों पर गरज के साथ हल्की बारिश की संभावना है। इससे तापमान में गिरावट हो सकती है।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेश में भीषण गर्मी और लू के मद्देनजर सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, अनुमंडल अस्पताल और सदर अस्पतालों को अलर्ट पर रहने के निर्देश दिये हैं। आपदा प्रबंधन विभाग और जिलाधिकारियों के साथ हुई बैठक में मुख्यमंत्री ने बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। इसके साथ ही संवेदनशील स्थानों पर पानी के टैंकर की व्यवस्था करने और भू–जल स्तर पर निगरानी रखने के भी निर्देश दिये हैं।

---

इधर, बेगूसराय के रिफाईनरी थाना क्षेत्र में लू की चपेट में आने से एक आईसक्रीम विक्रेता की मौत हो गयी। हमारे सवांददाता ने बताया है कि मृतक आईसक्रीम बेचकर घर लौट रहा था, तभी अत्यधिक गर्मी के कारण उसकी तबीयत बिगड़ गई।

---

सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने कहा है कि प्रदेश के सभी प्रखंडों में किसान सहकार चौपाल आयोजित की जायेंगी। पटना में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में श्री कुमार ने कहा कि अगले महीने से इन चौपालों की शुरूआत हो जाएगी। उन्होंने बताया कि इस चौपाल में धान खरीद, गेहूं खरीद, कृषि यांत्रिकरण संबंधित समस्याओं पर विचार होने के साथ ही संबंधित योजनाओं की जानकारी भी दी जायेगी। श्री कुमार ने कहा कि इस दौरान किसान सदस्यों से सुझाव भी आमंत्रित किये जायेंगे।

---

आज विश्व बाल श्रम निषेध दिवस है। दुनियाभर में बाल श्रम की प्रथा को समाप्त करने और इस संबंध में जागरूकता फैलाने के मकसद से यह दिन मनाया जाता है। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और श्रम मंत्री संतोष कुमार सिंह ने लोगों से प्रदेश को बाल श्रम मुक्त बनाने का संकल्प लेने की अपील की है। इस अवसर पर प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में राजधानी पटना में श्रम संसाधन विभाग की ओर से बाल श्रम के विरूद्ध एक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

---

आईसीसी टी–ट्वेंटी विश्व कप क्रिकेट में आज भारत का मुकाबला अमरीका से होगा। ये मैच न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जायेगा। दोनों टीमें अपने पिछले दो मुकाबलों में अजेय रहकर इस मैच में उतर रही हैं। भारतीय टीम ने आयरलैंड और पाकिस्तान के खिलाफ जीत हासिल की, जबकि अमेरिका ने अपने पिछले दो मुकाबलों में कनाडा और पाकिस्तान को हराया। भारत ग्रुप में बेहतर रन रेट के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर है, जबकि अमेरिका दूसरे स्थान पर है। इधर, कल खेले गए मुकाबले में पाकिस्तान ने कनाडा को सात विकेट से हरा दिया। कनाडा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित बीस ओवर में सात विकेट पर एक सौ छह रन

बनाए। पाकिस्तान ने 17.3 ओवर में तीन विकेट खोकर एक सौ सात रन के लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल कर लिया।

---

मधुबनी की विशेष अदालत ने हत्या के एक मामले में दोषी पंकज कुमार सिंह और रौशन कुमार सिंह को उम्रकैद की सजा सुनाई है। दोनों पर बीस–बीस हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। हत्या का यह मामला वर्ष दो हजार अठारह का है।

---

मधुबनी जिले के भारत–नेपाल सीमा पर तैनात एसएसबी जवानों ने दो नाबालिग लड़कियों के साथ तीन मानव तस्कर को गिरफ्तार किया है। एसएसबी अधिकारियों ने बताया कि बच्चियों को देह व्यापार के उद्देश्य से नेपाल ले जाया जा रहा था।

---

सीतामढ़ी जिले में श्रम संसाधन विभाग और प्लान इंडिया के सहयोग से बाल श्रम मुक्त समाज के लिए हस्ताक्षर अभियान शुरू किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त मनन राम ने जागरूकता रथ को रवाना किया।

---

जहानाबाद जिले के अब्दुलबारी नगर भवन में आत्मा के द्वारा खरीफ महाभियान दो हजार चौबीस के अंतर्गत जिला स्तरीय खरीफ कर्मशाला–सह– प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

---

अखबारों की सुर्खियां

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**दैनिक भास्कर** ने केन्द्रीय मंत्रियों के पदभार ग्रहण करने से जुड़ी खबर को शीर्षक बनाया है– केन्द्र की दस साल से जारी नीतियों को ही नई ऊंचाई देंगे नए मंत्री।

**प्रभात खबर** ओडिशा में नई सरकार के गठन से जुड़ी खबर पर लिखता है– आदिवासी नेता मोहन चरण मांझी ओडिशा के नए सीएम होंगे।

**दैनिक जागरण** ने नीट परीक्षा परिणाम पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुए लिखा है– नीट–यूजी काउंसलिंग पर रोक नहीं।

**हिन्दुस्तान** की विशेष खबर है– चेतावनी : पटना में आज भी झुलसायेगी गर्मी।

**आज** अखबार ने लिखा है– बिहार को सौगातों की बौछार, दो एक्सप्रेस–वे बनने का रास्ता साफ।

**राष्ट्रीय सहारा** की सुर्खी है– माता वैष्णों देवी भवन तक हेलिकॉप्टर सेवा अठारह जून से।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर

01. सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने बिहार से जुड़े गोरखपुर–सिलिगुड़ी और रक्सौल–हल्दीया एक्सप्रेस–वे को मंजूरी दी।
02. यूजीसी ने अगले शैक्षणिक वर्ष से उच्च शिक्षा संस्थानों को वर्ष में दो बार छात्रों को प्रवेश देने की अनुमति देने का निर्णय लिया।
03. बीपीएससी ने तीसरे चरण की शिक्षक नियुक्ति परीक्षा की संशोधित तिथि जारी की। उन्नीस से बाईस जुलाई तक होगी परीक्षा।
04. और, प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी। मौसम विभाग ने अगले अड़तालीस घंटों के दौरान पटना समेत चौदह जिलों में गर्मी को लेकर रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।